व्रत-पर्व

आषाढ़, 2078 वि. सं. (25 जून-24 जुलाई, 2021ई.)

1. गणेश चतुर्थी- 27, जून, 2021ई.

2. योगिनी एकादशी- 5 जुलाई, 2021ई.

आषाढ कृष्ण एकादशी। गृहस्थों एवं वैष्णवों दोनों के लिए इसी दिन एकादशी का व्रत होगा

3. ग्रीष्म-नवरात्र आरम्भ- 11 जुलाई, 2021ई.

आषाढ शुक्ल प्रतिपदा। इस दिन आषाढ मास की दुर्गापूजा आरम्भ हो रही है।

4. पुलिकबन्धन- 11 जुलाई, 2021ई.

परम्परानुसार आषाढ मास के शुक्ल पक्ष के रविवार के दिन कलाई पर पुलिक यानी सर्पगंधा की जड़ बाँधी जाती है। मान्यता है कि यह कलाई पर बँधे रहने से साँप के काटने का डर नहीं रहता है। इस सम्बन्ध में पारम्परिक श्लोक है-

शुचिसितदिनकरवारे करमूले बद्धपुलिकमूलस्य।
नागारेरिव नागाः प्रयान्ति किल दूरतस्तस्य।।

इसी श्लोक को इसे बाँधते समय मन्त्र के रूप में पढ़ा जाता है।

5. जगन्नाथ रथयात्रा- 12 जुलाई, 2021ई.

आषाढ शुक्ल द्वितीया। इस दिन जगन्नाथपुरी में रथयात्रा आरम्भ होगी। भगवान् जगन्नाथ के दर्शन का यह सबसे महत्त्वपूर्ण दिन है।

6. गणेश चतुर्थी- 13 जुलाई, 2021ई.

7. दक्षिणायन प्रारम्भ- 17 जुलाई, 2021ई.

इस दिन कर्क संक्रान्ति हो रही है। सूर्य छह मास तक दक्षिणायन रहेंगे।

8. हरिशयन एकादशी- 20 जुलाई, 2021ई.

10. गुरु पूर्णिमा- 24 जुलाई, 2021ई.

***